Class - 3

Subject - HINDI COURSE BOOK

पाठ – 8 सूरज ने छुट्टी मनाई

शब्दार्थ लिखें :–

छत्ता – मधुमक्खी का घर

आफत – मुसीबत

प्रकाश – सूर्य की रोशनी

सन्नाटा – चुप्पी

थिरका – खुशी से नाचा

हरियाली – हरा–भरा

पूरब – पूर्व दिशा

कर्म – काम

मौखिक :–

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. सूरज ने किस दिन छुट्टी मनाई?

उत्तर सूरज ने रविवार को छुट्टी मनाई।

ख. चिड़िया सूरज के न निकलने पर परेशान क्यों थी?

उत्तर चिड़िया सूरज के न निकलने पर परेशान इसलिए थी क्योंकि अँधेरे के कारण चिड़िया अपने बच्चों के लिए खाना नहीं ढूँढ़ पा रही थी।

ग. सूरज के निकलने पर मधुमक्खी ने क्या कहा?

उत्तर सूरज के निकलने पर मधुमक्खी ने कहा वाह! रोशनी हो गई। चलो बहन, फूलों का रस चूसने चलते हैं।

घ. सूरज ने छुट्टी का ख्याल क्यों छोड़ा?

उत्तर सूरज ने छुट्टी का ख्याल इसलिए छोड़ा क्योंकि सूरज के छुट्टी लेने से अँधेरा ही अँधेरा हो गया तथा चिड़िया को खाना नहीं मिल पा रहा था। पेड़–पौधे अधमरे हो गए। सभी प्राणियों का दम घुट रहा था।

4. सही कथन के आगे सत्य और गलत कथन के आगे असत्य लिखिए –

क. हवा ने कहा, मेरा तो दम घुट रहा है। सत्य

ख. अँधेरे की वजह से चिड़िया को खाना आसानी से मिल गया। असत्य

ग. सूरज आराम से कमरे में बैठा था। सत्य

घ. सूरज निकलता देख बच्चे उदास हो गए। असत्य

ङ दोनों गिलहरियाँ अँधेरा होते ही वापस पेड़ पर चढ़ जाती हैं। सत्य

5. रिक्त–स्थान भरिए –

क. सूरज कूदता–फाँदता हुआ चला जाता है और सारे नगर में अँधेरा छा जाता है।

ख. दोनों गिलहरियाँ वापस पेड़ पर चढ़ जाती हैं।

ग. मधुमक्खी चलो बहन, फूलों का रस चूसने चलती हैं।

घ. चारों तरफ चिड़िया उड़ने लगती हैं।

6. ये वाक्य किसने कहे?

क.	हमारा तो दम घुट रहा है।	हवा
ख.	वाह, छुट्टी का तो मजा आ गया।	सूरज
ग.	अहा! सूरज की गरम–गरम किरणें।	पौधा
घ.	वाह! रोशनी हो गई।	मधुमक्खी
ङ	आ गया मैं धूम मचाने।	सूरज